तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 26. 0 डिग्री

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 13 जुलाई 2024

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

4 जनसमस्या निवारण शिविर में मिले 474 आवेदन ...



स्थापना वर्ष 2014
VIPS
आइये मेडिकल के क्षेत्र में अपना भविष्य बनायें...
विजन पैरामेडिकल
INFORMATION *CAREER GUIDANCE *ADMISSION
* COUNSELING & COACHING CENTER
प्रवेश प्रारंभ
गुणवत्ता युक्त एवं विश्वसनीय सेंटर
सभी पाठ्यक्रम छत्तीसगढ़ में नौकरी एवं रजिस्ट्रेशन हेतु मान्य हैं।
मोबा. 9131330801, 9340751120, 7869622725
पता: बिजली ऑफिस के सामने, राछाभाठा (नवागढ़)
जिला- जांजगीर चांपा (छ.ग.)
योग्यता - 12 वीं (जीव विज्ञान)
COURSES
BACHELOR IN MED.LAB. TECHNICIAN - 3 Years
DIPLOMA IN MED.LAB. TECHNICIAN - 2 Years
DIPLOMA IN AYURVEDIC PHARMACY - 2 Years
DIPLOMA IN X-RAY TECHNICIAN - 2 Years
DIPLOMA IN OPTHELMIC TECHNICIAN - 2 Years
CERTIFICATE IN OT TECHNICIAN - 1 Year

फायर सेप्टी प्रशिक्षण के द्वारा युवकों के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र -छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार

आवेदन की अंतिम तिथि 20/07/2024
फायर सेफ्टी के कोर्स
- डिप्लोमा फायर एंड इंडस्ट्रियल सेफ्टी
- डिप्लोमा हेल्थ सेनिटरी इंस्पेक्टर
- सब-फायर ऑफिसर
- बी.एस.सी. फायर सेफ्टी



(DRDO),भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र -छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लग जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) छात्र-छात्राओं संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी, अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: - मो.- 76972 12782 (1) पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट,(निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक- गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग, (2) कैंपस :- प्लाट नंबर 766, वार्ड नंबर 1, दशहरा मैदान के सामने, शांति नगर, भिलाई जिला दुर्ग छत्तीसगढ़-490023
Advt.

(अकलतरा) प्रवेश प्रारंभ (अकलतरा)
न्यू महाराणा I.T.I.
Affiliated by:- (N.C.V.T & D.E.T.)
New Delhi (Govt. Of India)
ट्रेड- इलेक्ट्रिशियन, कोपा, डीजल मैकेनिक, फिटर
योग्यता- 10वीं पास (प्राईवेट, ओपन, पत्राचार, नियमित)
प्रथम प्रवेशित 50 छात्रों को विशेष छूट
अतिशीघ्र प्रवेश लेवें मात्र 999/- नो डोनेशन
स्थान सीमित 100% रोजगार परक प्रशिक्षण
प्राचार्य: पोड़ीभांठा रोड (रेल्वे स्टेशन के पास) अकलतरा
मो. 9203914563, 9203914561, 8435000498

## खबर संक्षेप

### एक पेड़ मां के नाम: आज जांजगीर कल चांपा में पौधा वितरण

**जांजगीर-चांपा।** जिले में निःशुल्क पौधा वितरण हेतु हरियाली प्रसार रथ 13 एवं 14 जुलाई को रवाना किया जाएगा। 13 जुलाई जिला पंचायत से 10 बजे रथ रवाना होगा। हरियाली प्रसार रथ द्वारा बीटीआई चौक में 11.30 बजे, कचहरी चौक में 12, नेताजी चौक में 12.30 बजे, शारदा चौक में 1 बजे, स्टेशन चौक नैला जांजगीर में 1.30 बजे, गांधी चौक में 2 बजे, भीमा तालाब जांजगीर में 2.30 बजे पहुंचेगी। हरियाली प्रसार रथ 30-30 मिनट रूककर निशुल्क पौधा वितरण किया जाएगा। इसी प्रकार हरियाली प्रसार रथ द्वारा चांपा में 14 जुलाई को बेरियल चौक चांपा में 10 बजे, थाना चौक 10.30 बजे, परशुराम चौक 11 बजे, लायंस चौक 11.30 बजे, बरपाली चौक 12 बजे, स्टेशन चौक 12.30, मोदी चौक 1 बजे, सदर बाजार 1.30 बजे, कदम चौक 2 बजे, राजा पारा चौक 2.30 बजे, कसेर चौक 3 बजे, भोजपुर चौक 3.30 बजे, घठोली चौक 4 एवं पुराना कालेज (भैंसा बाजार चौक चांपा) 4.30 में बजे में 30-30 मिनट रूककर नि शुल्क पौधा वितरण किया जाएगा।

### रोजगार मेला 16 को, 7233 पदों पर की जाएगी भर्ती

**जांजगीर-चांपा।** जिला प्रशासन जांजगीर चांपा एवं रोजगार कार्यालय जांजगीर-चांपा द्वारा जिले के शिक्षित एवं प्रशिक्षित बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मेगा रोजगार मेला का आयोजन 16 जुलाई को प्रातः 11 बजे से 4 बजे तक लाईवलीहुड कालेज, जांजगीर में किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि मेगा रोजगार मेला में में निजी क्षेत्र के 11 सेक्टरों में 30 निजी नियोजको द्वारा 7233 पदों पर कार्यवाही की जाएगी। उक्त रोजगार मेला में मैकेनिक सेक्टर में 836, सिक्युरिटी सेक्टर में 2500, कृषि सेक्टर में 113, फाईनेंस सेक्टर में 262, टेक्निकल सेक्टर में 480, सर्विस सेक्टर में 620, बीमा क्षेत्र में 163, हेल्थ सेक्टर में 242, शिक्षा सेक्टर में 5, गारमेंट्स सेक्टर में 2002 एवं आटोमोबाइल सेक्टर में 10 पद शामिल है। कुल 7233 पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता 8वीं, 10वीं, 12वीं, स्नातक, स्नातकोत्तर, आईटीआई, डिप्लोमा, पीजीडीएस, आदि निर्धारित की गई है। 16 जुलाई को रोजगार मेला में शामिल होने के इच्छुक युवा अपने समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों के साथ लाईवलीहुड कालेज जांजगीर में उपस्थित हो सकते है।

केन्द्रीय विद्यालय का मामला, चार दिनों तक प्रबंधन ने खुद की इंक्वायरी

# छात्रा के पानी बॉटल में एसिड! पांचवें दिन पुलिस को दी सूचना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

केन्द्रीय विद्यालय की एक छात्रा के पानी बॉटल में ज्वलनशील पदार्थ मिलाए जाने के मामले में स्कूल प्रबंधन ने चार दिनों तक खुद की कमेटी बनाकर जांच की, लेकिन इस टीम को जब कही कोई सफलता नहीं मिली तो पांचवे दिन पुलिस को सूचित किया गया। इसके बाद पुलिस हरकत में आई। कोतवाली की टीम तत्काल स्कूल पहुंची और संबंधितों से प्रारंभिक पूछताछ कर मामले की जांच पड़ताल शुरू की गई। इस दौरान पानी बॉटल में एसिड था अथवा अन्य कोई ज्वलनशील पदार्थ इसकी भी जांच पुलिस कर रही है।

गौरतलब है कि जिला मुख्यालय जांजगीर मे संचालित केन्द्रीय विद्यालय में सोमवार 8 जुलाई को उस वक्त छात्र छात्राओं के साथ प्रबंधन सकते में आ गया, जब मैदान से लौटी छात्रा ने पीने के लिए अपना पानी बॉटल निकाला, जैसे ही उसने पानी के घूंट पीए उसे तीव्र जलन हुआ। इस दौरान बॉटल का कुछ पानी नीचे गिराया तो एसिड की तरह झाग निकलने लगा। इसके बाद छात्र छात्राएं सकते में आ गए। दहशत तब और बढ़ गया, जब एक गुमनाम पत्र मिला। जिसमें प्रबंधन को चुनौती दी गई थी। इसकी सूचना परिजनों को मिली तो वे भी घबरा गए और तत्काल स्कूल पहुंचकर इसकी जानकारी ली। इधर इतने गंभीर मामले को हल्के में लेते हुए प्रबंधन ने एक जांच कमेटी बनाई। जिसने चार दिनों ना जाने किस तरह से जांच पड़ताल की और उनके हाथ कुछ भी सुराग नहीं लगा ऐसे में पांचवे दिन विद्यालय प्रबंधन की ओर से सिटी कोतवाली जांजगीर में इस घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। केन्द्रीय विद्यालय के प्राचार्य के.के. चंद्रा की रिपोर्ट पर जांजगीर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 118 (1) के तहत ज्वलनशील पदार्थ से हानि पहुंचाने का मामला कायम किया है। पुलिस टीम सूचना के तत्काल बाद स्कूल पहुंची और वहां जांच पडताल की। इस दौरान स्कूल में लगा सीसी कैमरा घटना के दिन बंद होना पाया गया। इधर पानी बॉटल मे एसिड मिलाया गया था फिर अन्य कोई केमिकल। इसकी भी जांच के लिए सेंपल भेजा गया है। कुल मिलाकर केन्द्रीय विद्यालय के छात्रा के पानी बॉटल में ज्वलनशील पदार्थ मिले होने के जांच अब पुलिस टीम कर रही है।





### बेपरवाह प्रबंधन, सुरक्षा पर सवाल

जिला मुख्यालय के केन्द्रीय विद्यालय में छात्रा के पानी बॉटल में जिस तरह से एसिड मिलने की घटना हुई और प्रबंधन को चुनौती भरे गुमनाम पत्र मिला है। इस मामले को लेकर विद्यालय प्रबंधन की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे है। खास बात यह है कि जिले के मुखिया कलेक्टर इस समिति के पदेन अध्यक्ष होते है, इसके बाद भी प्रबंधन ने इसे जिस तरह से हल्के में लिया है। उसको लेकर ना केवल समिति व प्रबंधन की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे है, बल्कि बच्चों की सुरक्षा को लेकर भी अभिभावक सोचने पर विवश है।

### पुलिस करेगी जांच

8 जुलाई की घटना है। स्कूल की इंक्वायरी कमेटी ने जांच की। कुछ पता नहीं चला तो अविभावकों से सहमति लेकर पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराए है। अब पूरे मामले की जांच पुलिस करेगी।

-के.के. चंद्रा,
प्राचार्य
केन्द्रीय विद्यालय जांजगीर

### कर रहे मामले की जांच

स्कूल प्रबंधन ने छात्रा के पानी बॉटल में एसिड मिलने की सूचना दर्ज कराई है। मामले में अपराध पंजीबद्ध किया गया है। जांच के लिए सेंपल भी भेजे है। इसके अलावा सभी बिन्दुओं पर जांच की जा रही है।

-प्रवीण द्विवेदी,
टीआई, जांजगीर

# चोरी करने घर घुसकर हत्या करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

## डेयरी संचालक के कत्ल की गुत्थी सुलझी

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

चाम्पा में हुए अंधे कत्ल की गुत्थी को सुलझाने में पुलिस सफलता मिली है। चोरी करने घर घुसकर दो आरोपियों ने बुजुर्ग की हत्या की थी। जेवर और नकदी रकम लेकर आरोपी फरार हो गए थे। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चाम्पा निवासी डेयरी संचालक छोटेलाल पांडेय का शव 26 जून को उसके घर में मिला था। पास में लाल रंग का वायर पड़ा था। आलमारी टूटा हुआ था। पोस्ट मार्टम रिपोर्ट में वायर से गले की स्वासनली को दबाने से मृत्यु की बात सामने आई। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 450,302,382 का अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की। जांच के दौरान मृतक के घर के आसपास के सी सी टीवी कैमरा खंगाले गए। इसके आधार पर पुलिस ने दीपक यादव और शाहिद बेग को पकड़कर पूछताछ की। पुलिस की पूछताछ में दोनों ने अपना अपराध स्वीकार किया। मृतक छोटेलाल पांडेय के डेयरी दुकान के पास मकान होने से दीपक यादव की उससे जान पहचान थी। दीपक और शाहिद पूर्व में कई बार छोटेलाल के घर जा चुके थे।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी

आरोपियों को पता था कि 26 जून को छोटेलाल घर मे अकेला है। दोनों प्लानिंग कर दोपहर 1 बजे अपने स्कूटी से छोटेलाल के घर पहुंचे। कुछ देर बैठने के बाद बिजली के वायर से गला घोंट कर उसकी हत्या कर दी। हत्या करने के बाद आलमारी का लाकर तोड़कर अंदर से सोने का हार, मंगलसूत्र, झुमका व नगदी रकम को चोरी कर भाग निकले। पैसा को दोनों ने आपस मे बांट लिया। वहीं लगातार पुलिस के पूछताछ से सोने के जेवर को कुदरी बैराज में पानी मे फेक दिया। पुलिस ने मोदी चौक चाम्पा निवासी 30 वर्षीय दीपक यादव और चाम्पा के शनि मंदिर के पास रहने वाले 26 वर्षीय शहीद बेग को धारा 450,302,382 के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। आरोपियों के कब्जे से स्कूटी, मोबाइल लोहे का औजार व केबल वायर तथा 6700 रुपये बरामद किया गया। कार्यवाही में निरीक्षक नरेश पटेल थाना प्रभारी चांपा, सायबर सेल प्रभारी पारस पटेल, उपनिरीक्षक के डी बनर्जी, एएसआई विवेक सिंह, दिलीप सिंह, मुकेश पांडेय, अरुण सिंह, प्रधान आरक्षक प्रकाश राठौर, अजय चतुर्वेदी, वीरेंद्र टंडन, महिला प्रधान आरक्षक श्यामा जसवाल, आरक्षक दिकेश्वर साहू, नितिन द्विवेदी, माखन साहू, संकर राजपूत, पदम राज सिंह, भूपेंद्र गोस्वामी, सायबर सेल जांजगीर से प्रधान आर. मनोज तिग्गा, प्रधान आरक्षक विवेक सिंह, आरक्षक रोहित कहरा, आरक्षक आनंद सिंह, प्रदीप दुबे, मोहमद शाहबाज, गिरीश कश्यप का योगदान रहा।

## छप्पर मरम्मत के दौरान करंट से मजदूर की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

छप्पर मरम्मत के दौरान 11 केव्ही विद्युत तार के करेंट की चपेट में आने से एक मजदूर की मौत हो गई। वहीं एक अन्य मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना पामगढ़ थाना क्षेत्र के चण्डीपारा की है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार 12 जुलाई की सुबह 9 बजे अमृत सिदार (45) और भरत लाल लहरे (50) चांडीपारा वार्ड नंबर 10 में हुकुम बाई साहू के घर के छत की खप्पर की मरम्मत के लिए ऊपर चढ़े हुए थे। अमृत सिदार ने छत में लगे लोहे की पाइप को निकाल रहा था। इसी दौरान ऊपर से गुजरे 11 केवी विद्युत तार की चपेट में आ गए। करंट लगने से अमृत सिदार की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं भरत लाल भी झुलस गया, जिसे तुरंत अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। इस हादसे की जानकारी पामगढ़ थाने में दी गई। वहीं घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। शव का पोस्टमॉर्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया।

## करमंदा में फैला डायरिया का प्रकोप, एक महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

बलौदा ब्लाक के ग्राम करमंदा में डायरिया का प्रकोप फैल गया है। गांव में लगभग तीन दर्जन लोग इसकी चपेट में आ गए है। डायरिया से पीड़ित एक बुजुर्ग महिला की मौत भी हो गई है। वहीं कुछ मरीज जिला अस्पताल में भर्ती कराए गए है। वहीं कुछ का बलौदा के अस्पताल में उपचार चल रहा है।



जिला अस्पताल में उपचार कराता मरीज

बरसात का मौसम शुरू होते ही डायरिया के केस सामने आने लगे है। जिला अस्पताल में प्रतिदिन विभिन्न स्थानों से डायरिया के मरीज पहुंच रहे है। अभी बलौदा ब्लाक के ग्राम करमंदा में डायरिया ने पैर पसार लिया है। गांव के लगभग तीन दर्जन लोग इसकी चपेट में आ चुके है। इनमें से कुछ मरीजों का बलौदा के अस्पताल में उपचार किया जा रहा है। गंभीर रूप से पीड़ित 3 मरीजों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इनमें से एक बुजुर्ग महिला पांचोबाई की मौत हो गई। वहीं अन्य का अस्पताल में उपचार जारी है। इधर स्वास्थ्य अमला मुस्तैद हो गया है। करमंदा में स्वास्थ्य अमला लगातार पीड़ितों की देखभाल के काम में जुट गया है।

बोआई के साथ रोपाई के काम में भी आई तेजी

# अच्छी बारिश के बाद खेती के काम में व्यस्त हुए किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले में देर से ही सही पर अब अच्छी बारिश होने लगी है। बारिश के बाद किसान खेती किसानी के कार्यों में जुट गए हैं। सुबह होते ही वे खेत की ओर निकल जाते हैं और दिन ढलने के समय घर लौट रहे हैं। खेतों में कुछ किसान जैविक खाद डालकर जुताई का काम कर रहे हैं। साथ ही कही कही पर बोआई और रोपाई का काम भी शुरू हो गया है।

गौरतलब है कि बारिश के बाद किसान अब खेती किसानी के कार्यों में व्यस्त हो गए हैं। क्षेत्र में धान बुआई का कार्य शुरू हो गया है। गुरूवार के बाद शुक्रवार को भी क्षेत्र में अच्छी बारिश हुई। ऐसे में अब किसानों की ब्यस्तता बढ़ गई है। इधर नहर से भी सिंचाई के लिए पानी छोड़ा जा चुका है। ऐसे में किसानों का पूरा परिवार अब धान की बोआई और रोपाई में व्यस्त हो चुका है। किसानों का कहना है कि बुआई की तैयारी लगभग अब पूरी हो गई है। सप्ताह भर पहले हुई दो-तीन दिन की बारिश से कृषि कार्य में तेजी आई है। किसान पहले खेतों में गोबर खाद डालकर जुताई किए फिर बारिश हुई उसके बाद कई किसान खुर्रा बुआई भी कर रहे हैं। किसानों को इस साल अच्छी बारिश की उम्मीद है। जो किसान बारिश का इंतजार कर रहे हैं। वे बाद में थरहा देंगे। पेट्रोल व डीजल के दाम बढ़ने से ट्रैक्टर से जुताई का खर्च भी बढ़ गया है। गरीब किसान अब भी भैंसा व बैल का उपयोग कर रहे हैं वहीं मध्यम व संपन्न किसान ही ट्रैक्टर से खेती किसानों का कार्य कर रहे हैं। अब बोआई भी शुरू हो गई है। किसानों ने बताया की आज कल हल से जुताई बहुत कम किसान ही करते हैं। लोग अब ट्रैक्टर से जुताई करा रहे हैं। गाँवों में ट्रैक्टर की मांग बढ़ गई है।



रोपाई के काम में जुटे किसान।

### बम्हनीडीह तहसील में सर्वाधिक हुई वर्षा

जिले में 1 जून से लेकर अब तक 2097 मिमी वर्षा हुई है। सर्वाधिक 343.8 मिमी वर्षा बम्हनीडीह तहसील में रिकार्ड की गई है। वहीं सबसे कम 156.2 मिमी वर्षा नवागढ़ तहसील में हुई है। इसी तरह जांजगीर तहसील में 272.5 मिमी, अकलतरा तहसील में 262.5 मिमी, बलौदा तहसील में 272.8 मिमी, पामगढ़ तहसील में 208.8 मिमी, चांपा तहसील में 175.8 मिमी, शिवरीनारायण तहसील में 183.5 मिमी और सारागांव तहसील में 221.1 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। जिले में अब तक 2097. 0 मिमी वर्षा रिकार्ड की गई है। जिले में औसत वर्षा 233.0 मिमी हुई है।

## गबन के आरोप के बाद बेल्हाडीह सचिव को हटाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेल्हाडीह

बेल्हाडीह(जेठा) ग्राम पंचायत में व्याप्त भ्रष्टाचार की शिकायत पर कलेक्टर ने संज्ञान लिया है। 29 लाख के गबन के आरोप के बाद ग्राम पंचायत सचिव घासीराम साहू को हटाने की कार्रवाई की गई है।

ग्राम पंचायत बेल्हाडीह में सचिव द्वारा गबन व भ्रष्टाचार करने की शिकायत जिला प्रशासन से की गई थी। मामले की जांच करने टीम पंचायत भवन पहुंची लेकिन शिकायतकर्ताओं की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए आक्रोशित हो गए। क्षुब्ध ग्रामीणों ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को ग्रामीणों ने एक पत्र और दिया। जिसमें बेल्हाडीह में 29 लाख 66 हजार के गबन की उच्च स्तरीय जांच कमेटी गठित कर जांच कराने की मांग की है। ग्राम पंचायत बेल्हाडीह के लोगों ने एकपक्षीय जांच करने का आरोप लगाते हुए उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है। गांव के लोगों ने बताया कि पंचायत में लगभग 29 लाख 66 हजार के कार्य ऐसे हैं जिनकी राशि निकाल ली गई है लेकिन काम धरातल पर नहीं हुए हैं। इस संबंध में सक्ती जनपद सीईओ श्रीमती प्रीति पवार का कहना है कि ग्राम पंचायत बेल्हाडीह के सचिव को हटा दिया गया है। जांच टीम जांच करने भी गई थी। जांच प्रभावित न हो इसलिए सचिव को हटाया गया है। विवाद की स्थिति न हो इसके लिए पुलिस बल के लिए एसडीएम से मांग की गई है। उसके बाद पुनः टीम भेजकर जांच कराई जाएगी।

## खबर संक्षेप



### कलेक्टर ने पदक प्राप्त खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत ने वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 में आयोजित राष्ट्रीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता में जिले के पदक प्राप्त खिलाड़यों को प्रोत्साहन राशि 10-10 हजार रूपए का बैंक ड्राफ्ट प्रदान करके सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत संबित मिश्रा उपस्थित थे। पदक प्राप्त खिलाड़ी समीर कुमार कंवर पिता गुरूवार सिंह, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोथारी कोरबा को कराटे 50 किलोग्राम वर्ग, सुरभि लाठिया पिता शांति लाल लाठिया संस्कार भारती हाईस्कूल डिंगापुर को नेटबॉल 14 वर्ष, रूचि विश्वकर्मा पिता कृष्णा विश्वकर्मा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पीडब्ल्यूडी रामपुर को नेटबॉल 17 वर्ष में, पार्थ श्रीवास्तव पिता राजेश श्रीवास्तव न्यू ऐरा प्रोगेसिव स्कूल रामपुर को तैराकी 200 मीटर तथा 400 मीटर को प्रोत्साहन राशि का बैंक ड्राफ्ट प्रदान किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी टीपी उपाध्याय, सहायक जिला क्रीडा अधिकारी केआर टण्डन, वरिष्ठ व्यायाम शिक्षक अनुप राय, अजय दुबे, सुमित सिंह, राजेश श्रीवास्तव, सुरेश द्विवेदी आदि उपस्थित थे।

### सीएमपीएफ को मजबूत करने की पहल

**कोरबा।** कोयला खान पेंशन निधि (सीएमपीएफ) को मजबूत करने को लेकर कई वर्षों से प्रयास चल रहे हैं। इसको लेकर बोर्ड ऑफ ट्रस्टी द्वारा प्रस्ताव प्रस्तुत किया जा चुका है, लेकिन सरकार ने इस तवज्जो नहीं दी है। इधर, सीएमपीएफओ बोर्ड ऑफ ट्रस्टी के सदस्य तथा भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) के कोल प्रभारी के. लक्ष्मा रेड्डी ने अपने स्तर पर पेंशन फंड में वृद्धि को लेकर प्रयास किए हैं। श्री रेड्डी ने नई दिल्ली में वित्त मंत्रालय के संबंधित अधिकारियों से मुलाकात की। अधिकारियों का ध्यान अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ के उस पत्र की ओर दिलाया, जिसे 4 जुलाई, 2024 को वित्त मंत्री के नाम लिखा गया था। लक्ष्मा रेड्डी ने वित्त मंत्रालय के अधिकारियों से कहा कि कोयला खान पेंशन निधि में केन्द्र सरकार का वर्तमान वार्षिक अंशदान 1600 रुपए वेतन पर 1.16 प्रतिशत है, जिसे बढ़ाकर 15 हजार रुपए वेतन पर 1.16 प्रतिशत किया जाए, जो अन्य औद्योगिक प्रतिष्ठानों के कर्मचारियों के लिए लागू कर्मचारी पेंशन योजना के समान हो। श्री रेड्डी के अनुसार वित्त मंत्रालय के अफसरों ने आश्वासन दिया है कि वे मामले की जांच करेंगे और यथाशीघ्र आवश्यक कार्यवाही करेंगे।

### टांगी से जानलेवा हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**रामानुजनगर।** जमीन विवाद को लेकर टांगी से युवकों पर प्राणघात हमला करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार रामानुजनगर थाना अंतर्गत ग्राम दुर्गापुर चारपारा निवासी बजरंग सिंह ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि गांव के ही चंद्रभान सिंह से पूर्व से जमीन विवाद चल रहा है। चंद्रभान उसकी भूमि को अपना बताकर अक्सर विवाद करता है। गत दिन विवादित भूमि पर चंद्रभान ट्रैक्टर से जुताई करा रहा था। इसी दौरान भाई सूरज सिंह व मनोज सिंह मौके पर पहुंचे और जुताई करने से मना किया तो चंद्रभान ने दोनों पर टांगी से जानलेवा हमला कर दिया।

### नए कानून की दी जानकारी

**लखनपुर।** तीन नए कानून को लेकर चलाए गए जागरूकता अभियान के तहत पुलिस द्वारा कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान थाना प्रभारी अश्वनी सिंह ने स्कूल में छात्राओं को एक जुलाई से लागू हुए तीन नवीन कानूनों की जानकारी प्रदान की।

# कोसा उत्पादन में आत्मनिर्भर बनने बढ़ रहे महिलाओं के कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

अलग खबर

कोसा उत्पादन के लिए जिला मुख्यालय में संचालित कोसाबाड़ी टसर केन्द्र के अलावा कुदमुरा, पाली, पसान, कटघोरा जैसे बड़े क्षेत्रों में टसर केन्द्रों का संचालन करने के साथ विस्तार केन्द्रों की भी स्थापना की गई है एवं दूरस्थ ग्रामीण अंचलों में कोसा उत्पादन के लिए उपयुक्त वातावण होने के कारण विभाग ऐसे वनांचल क्षेत्रों को अपनी योजना में शामिल कर रहा है ताकि कोसा उत्पादन से दूर रहने वाले वनवासी परिवार भी इससे जुड़ सकें।

जिले के छुरीकला कोसा उत्पादन के लिए प्रदेश भर में मशहूर है। सर्वाधिक बुनकर इसी गांव से आते हैं जो रेशन का धागा बनाने के लिए नई आधुनिक तकनीक का उपयोग करने लगे हैं। हालांकि अभी भी कई महिला समूह ऐसी हैं जिन्हें कोसा धागा बनाने के लिए नई आधुनिक मशीनों का इंतजार बना हुआ है। मशीनों के वितरण के बाद ऐसी महिला समूहों को कोसा उत्पादन से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से स्वावलंबन बनाने का कार्य विभाग के द्वारा किया जाएगा। विभाग अपने सभी टसर केन्द्रों से कोसा बीज का भंडारण कर उन्हें व्यापारियों को बचने के साथ जिले के उन महिला समूहों को भी अपूर्ति करता है, जो कोसा उत्पादन में रूचि लेते हैं। कोसा कृमि पालन उद्योग अब धीरे धीरे आगे बढ़ने लगा है। ग्रामीण क्षेत्रों के महिला समूह अब इनसे सीधे जुड़ रहे हैं। अब तक 40 स्व सहायता महिला समूह इन टसर केन्द्रों से जुड़ चुके हैं। जिन्हें विभाग के द्वारा प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। विभाग का दायरा टसर केन्द्रों से लेकर आगे बढ़ाने को भी है। विभाग इसके लिए प्रभाव भी तैयार किया है। ताकि महिला समूहों को पुराने तौर तरीकों से बाहर निकालकर उन्हें आधुनिक मशीनें उपलब्ध कराकर रेशम उद्योग से जोड़ा जा सके। विभाग की योजना ग्रामीण अंचलों में रेशम उद्योग की लघु इकाईयां भी स्थापित करने की है।

### ग्रामीण अंचलों में विस्तार केन्द्रों की हो रही स्थापना



#### बीते वर्ष 1.5 करोड़ से अधिक कोसा का उत्पादन

गत वर्ष 1 करोड़ 57 लाख 86 हजार नग कोसा उत्पादन हुआ और 1500 हितग्राही लाभान्वित हुये। रिकार्ड उत्पादन के साथ कोरबा जिला कोसा उत्पादन में सिरमौर बन गया है, वही जिले के छुरीकला ग्राम की पहचान कोसा वस्त्र उद्योग के रूप में स्थापित है। जिले में 19 विभागीय एवं 22 विस्तार केंद्र है। जिनके द्वारा कोसा उत्पादन की दिशा में विभाग कार्य कर रहा है। बाहर के व्यापारियों द्वारा भी कोसा बीज का यहां से क्रय किया जाता है।

### 1250 हेक्टेयर में है उत्पादन

रेशम विभाग के द्वारा जिले के 1250 हेक्टेयर में कोसा कृमि पालन का कार्य किया जा रहा है। बीते वर्ष 1650 हितग्राही कृमि पालन के कार्य से जुड़े हुए थे। विभाग लगातार हितग्राहियों की संख्या बढ़ाने की दिशा पर कार्य कर रह है ताकि कोसा उत्पादन के दायरे बढ़ाए जा सके। विभाग के द्वारा वनवासी क्षेत्रों के पहाड़ी कोरवाओं को भी टसर केन्द्रों में रोजगार दिया गया और इसके साथ उन्हें भी कोसा उत्पादन और रेशम धागा बनाने के कार्य से जोड़ा जाएगा। बीते वर्ष हितग्राहियों की संख्या को लेकर विभाग ने ऐसे क्षेत्रों को चयन किया था जहां ग्रामीण महिला समूह अन्य व्यवसायिक कार्यों से जुड़े थे उन्हें भी इससे जोड़ने का कार्य किया गया है।

## झारखंड का ही निकला मृतक युवक, परिजनों ने की शिनाख्त

# सऊदी अरब से पहुंचे युवक की चैतमा के दंपती ने रची थी मौत की साजिश!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

सऊदी अरब से पहुंचे एक युवक की टुकड़े-टुकड़े कर उसे मौत की नींद सुलाने वाला कोई और नहीं बल्कि चैतमा का ही एक दंपती ने ही साजिश रचने की संभावना जताई जा रही है। पुलिस ने मामले में कुछ लोगों को हिरासत में ले लिया है जिनसे कड़ी पूछताछ की जा रही है तो वहीं दूसरी ओर युवक की शिनाख्त झारखंड रांची निवासी वसीम के रूप में उनके परिजनों ने कर दी है। संभावना जताई जा रही है कि पुलिस कल इस मामले का विधिवत खुलासा करेगी।

उल्लेखनीय है कि पाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गोपालपुर स्थित बांध में बैग व बोरा में भरा हुआ युवक का अलग-अलग टुकड़ों में कटा शव मिला था। जिसके बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया था। पिछले 24 घंटे से पुलिस के आला अधिकारियों की टीम मामले की जांच में जुटी हुई है। घटनास्थल से मिले पासपोर्ट के आधार पर पुलिस ने झारखंड रांची निवासी मोहम्मद वसीम अंसारी 30 वर्षीय युवक का दस्तावेज मिला था। जिसके आधार पर उसके परिजनों को इसकी सूचना दी गई थी। गुरुवार को झारखंड रांची से परिजन पहुंचे जहां उसके शव को देखकर उसकी शिनाख्ती वसीम के रूप में ही की गई है। वहीं पुलिस के आधिकारिक सूत्र बताते हैं कि वसीम की हत्या चैतमा में निवास करने वाले एक दंपत्ति ने ही की है। जिसने यह पूरी साजिश रची थी। वसीम पिछले ढाई वर्षो से सऊदी अरब में काम कर रहा था और 1 जुलाई को हवाई जहाज से वह दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचा था। जिसके बाद वह 2 जुलाई को चैतमा पहुंचा था। संभावना जताई जा रही है कि पहले से ही वसीम का इस परिवार से जान पहचान था और वह अपने घर झारखंड जाने की जगह सीधे पहले चैतमा आया था और संभवतः चैतमा में ही दंपति ने यह साजिश रचकर उसे मौत के घाट उतारा होगा और पुलिस के चंगुल से बचने के लिए उसके लाश को ठिकाने लगाने के लिए गोपालपुर स्थित बांध में टुकड़े-टुकड़े कर ठिकाने लगा दिया गया था कि वह पुलिस के चंगुल में न फंसे लेकिन पुलिस के हाथ बहुत लंबे होते हैं। आखिरकार पुलिस ने इस मामले में मृतक की पहचान कर ली है। अब कुछ हत्यारों को भी पुलिस ने हिरासत में ले लिया है जिनसे कड़ी पूछताछ की जा रही है। संभावना जताई जा रही है कि पुलिस शुक्रवार को इस मामले का विधिवत खुलासा करेंगे। इसके बाद यह स्पष्ट हो जाएगा कि वसीम की हत्या किसने और क्यों की है और किस वजह से की गई है।



मृतक के परिजनों से पूछताछ करती पुलिस की टीम।

### जानकारी देने में कतराते रहे पुलिस के अफसर

पुलिस के अधिकारी वैसे तो अमूमन छोटे-मोटे मामले को लेकर बड़ा-बड़ा प्रेस रिलीज जारी करते हैं और बाकी अन्य मामलों को भी लेकर बड़ी-बड़ी बखान करते रहते हैं लेकिन जैसे ही गुरुवार को यह सनसनीखेज मामला सामने आया था। पुलिस के अधिकारियों को सांप सूंघ लिया था। पुलिस के अधिकारी इस मामले को लेकर कुछ भी मीडिया को बताने में कतराते रहे तो वही दूसरे दिन गुरुवार को भी झारखंड से परिजन आने के बाद शिनाख्ती हो जाने के बाद भी इस मामले को लेकर भी लगातार किसी तरह की कोई जानकारी नहीं दे रहे थे। मृत युवक की जानकारी, नाम पता व अन्य जानकारी देने में पुलिस आनाकानी कर रहे थे। हालांकि पुलिस के आला अधिकारी यही कहते नजर आए कि जल्द ही मामले का खुलासा होगा। हालांकि पुलिस शुक्रवार को इस मामले का खुलासा करेगी।

### तीन भाई बहनों में सबसे छोटा था वसीम

जानकारी के अनुसार झारखंड रांची निवासी वसीम खान तीन भाई बहनों में सबसे छोटा था। परिजनों के मुताबिक वह ढाई साल पूर्व सऊदी अरब में काम करने के लिए गया था। जहां वह गार्ड का काम करता था। वह कब इंडिया आया इसकी जानकारी उसने अपने परिजनों को नहीं दी थी। उसके बड़े भाई तहसीन ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि वह प्रति सप्ताह अपने भाई वसीम से मोबाइल फोन पर बात किया करता था पिछले हफ्ते जब उससे बात हुई थी तो उसने किसी तरह के इंडिया आने की जानकारी उसको नहीं दी थी और तहसीन ने बताया कि उसका भाई बहुत सीधा-साधा था। ना ही किसी से उसका विवाद था। कोरबा पुलिस ने पासपोर्ट के आधार पर इसकी जानकारी हमें दी थी जिसके आधार तहसीन ने अपने भाई वसीम की शिनाख्ती की है।

## बच्चा चोरी की अफवाह, युवक हिरासत में, निकला विक्षिप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

बुधवारी बाजार बस्ती में घूम रहा एक युवक जब एक बच्चे के पास जा पहुंचा तो बच्चा चोर की अफवाह उड़ गई और फिर क्या था इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को हिरासत में ले लिया। जब युवक को हिरासत में लिया गया तो युवक नशे में धुत्त पाया गया और मामले की तस्वीर की गई तो उक्त युवक मानसिक रूप से विक्षिप्त निकला। जहां पुलिस ने उनके परिजनों को बुलाकर उसके सुपुर्द कर दिया है।

मामला सीएसईबी चौकी क्षेत्र के बुधवारी बस्ती की है। यहां निवासरत कुछ बच्चे देर शाम को अपने घर के समीप स्थित मैदान पर खेल रहे थे कि इसी दौरान एक युवक अजीबों गरीब हरकत करते हुए बच्चों के पास जा पहुंचा इस बीच देखते ही देखते बच्चा चोर की अफवाह उड़ गई और इसकी सूचना सीएसईबी चौकी पुलिस को दी गई। सीएसईबी चौकी प्रभारी भीमसेन यादव दलबल सहित मौके पर पहुंचे और उक्त युवक को हिरासत में ले लिया गया। जब पुलिस ने उसे हिरासत में लिया तो वह अजीबोगरीब हरकत कर था और नशे में धुत्त था। उक्त युवक दर्री थाना क्षेत्र के कलमीडुग्गू निवासी यज्ञदास महंत है जो मानसिक रूप से विक्षिप्त है। सीएसईबी चौकी प्रभारी भीमसेन यादव ने बताया की तस्दीक करने के बाद उनके परिजनों को चौकी बुलाकर उनके सुपुर्द कर दिया गया है।

## गेवरा कोयला खदान में हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा




एसईसीएल गेवरा परियोजना में दो ट्रेलर आपस में टकरा गए। घटना का सूखद पहलू यह रहा कि किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। हादसे की पीछे मुख्य वजह विजिबिलिटी की मानी जा रही है। दरअसल खदान क्षेत्र में एसईसीएल द्वारा पानी छिड़काव का कार्य कराया जाता है। संभवतः पानी छिड़काव के दौरान बरती गई लापरवाही की वजह से ही यह हादसा घटित हुआ है। इस दुर्घटना से प्रभावित क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था में सुधार करने के लिए स्थानीय अधिकारियों ने कार्रवाई का निर्णय लिया है। हादसे की जांच के लिए अधिकारी जांच कर रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि एसईसीएल द्वारा पानी छिड़काव के कार्य की लापरवाही ने हादसे को बढ़ावा दिया है।

## अब बिना कार्य अनुभव के गैर अधिकारी से अधिकारी वर्ग में होगी पदोन्नति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

कोल इंडिया ने कार्मिक संभाग (पर्सनल डिसिप्लिन) के गैर अधिकारी से अधिकारी संवर्ग में चयन-पदोन्नति के मौजूदा मौजूदा प्रावधान में संशोधन किया है। इसके मुताबिक कार्मिक संभाग के कर्मचारियों को गैर अधिकारी से अधिकारी संवर्ग (वरिष्ठ अधिकारी इ-ग्रेड) में पदोन्नति के लिए अब तकनीकी और सुपरवाइजरी ग्रेड-ए पद पर तीन वर्ष के कार्यानुभव की आवश्यकता नहीं होगी। श्रम मंत्रालय द्वारा मान्यता प्राप्त सामाजिक विज्ञान या श्रम कल्याण में स्नातकोत्तर डिप्लोमा या स्नातकोत्तर डिग्री के साथ स्नातक कर्मचारी गैर अधिकारी से अधिकारी संवर्ग में पदोन्नति पा सकेंगे। इस आलोक में कोल इंडिया के विभागाध्यक्ष (पी-पीसी) के हस्ताक्षर से शुक्रवार को अधिसूचना जारी कर दी गयी। इसके मुताबिक कोल इंडिया निदेशक मंडल की 27 जून को आयोजित 467वीं बैठक में कार्मिक अनुशासन की संवर्ग योजना में संशोधन को मंजूरी दी गयी है। मौजूदा प्रावधान के मुताबिक गैर अधिकारी से खान में कल्याण अधिकारी के पद के लिए श्रम मंत्रालय द्वारा मान्यता प्राप्त सामाजिक विज्ञान या श्रम कल्याण में स्नातकोत्तर डिप्लोमा या स्नातकोत्तर डिग्री के साथ स्नातक व तकनीकी और सुपरवाइजरी ग्रेड ए पद पर तीन वर्ष का कार्य अनुभव आवश्यक था।




फाइल फोटो

## पेंशन संशोधन के लिए कोयला मंत्री को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

डीराम चंद्र राव और मेदुरी विजय बाबू ने ऑल इण्डिया कोल पेंशनर्स एसोसिएशन (एआईसीपीए), सिंगरेनी रिटायर्ड एम्प्लॉईस वेल्फेयर एसोसिएशन और ऑल इण्डिया एसोसिएशन ऑफ कोल एक्सएक्यूटिव्स (एआईएसीई) की ओर से हैदराबाद में कोयला मंत्री किशन रेड्डी से मुलाकात की। उन्होंने कोयला कर्मचारियों की पेंशन में संशोधन के लिए मंत्री को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में अपर्याप्त पेंशन पर जीवित रहने वाले कोयला पेंशन भोगियों की पीड़ा को दर्शाया गया और कोयला पेंशन भोगियों के मुद्दों को सुलझाने के लिए कोयला और खान मंत्रालय से तत्काल हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया गया। केंद्रीय मंत्री ने सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए पेंशन को उचित रूप से बढ़ाने के लिए संबंधित अधिकारियों के साथ इस मुद्दे पर चर्चा करने का आश्वासन दिया। ज्ञापन सौंपने के बाद, प्रतिनिधिमंडल ने कोयला मंत्री को सीआईएल और एससीसीएल के कोयला क्षेत्र में पेंशनभोगियों की स्थिति से अवगत कराया। उन्हें कहा गया कि देश की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कई वर्षों तक गंदे वातावरण में काम करने के बावजूद कई पेंशनभोगियों को 1000 रुपये प्रति माह से भी कम पेंशन मिल रही है। यहां तक कि वर्ष 2007 से पहले सेवानिवृत्त हुए उच्चतम बोर्ड स्तर और बोर्ड स्तर से नीचे के अधिकारियों को भी मामूली पेंशन मिल रही है, जो कष्ट रहित जीवन जीने के लिए अपर्याप्त है। एआईसीपीए के संयोजक पीके सिंह राठौर ने बताया कि वर्तमान पेंशन राशि से गरीब पेंशन भोगी भुखमरी के कगार पर हैं और सरकार को पेंशन बढ़ाने के लिए तुरंत हस्तक्षेप करना चाहिए।



ज्ञापन सौंपते संघ के पदाधिकारी।

TOP IN JANJGIR

ADMISSION GUIDENS 2024-25

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 01 | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 02 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 03 | BPT (बेचलर ऑफ फिजीयो थैरेपी) | 4 Year | 12th Bio |
| 04 | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 05 | D. PHARMA | 2 Year | 12th Bio&Maths |

Gurukripa paramedical college Nehru Chowk Bilaspur Mo.7000421146

जैन स्वीट्स
पारस बाजार के पास, जांजगीर
हमारे यहां से ताजि स्वादिष्ट, पवित्र मिठाई एवं टेस्ट में बेस्ट नमकीन प्राप्त करें
रसगुल्ला, हीरामणी रसमलाई, मावामाटी, काजू कतली, चूरमाबरफी अन्य 56 प्रकार की मिठाई मिलती है
8889821151, 8871779942
फाफड़ा, खम्मन ढोकला, कचौड़ी सभी अवसरों पर आर्डर लिये जाते हैं





## बालको में आवारा पशुओं की समस्या से नगरवासी हलाकान

**कोरबा।** इन दिनों बालकोनगर में आवारा पशुओं की समस्या से नगरवासी हलाकान हैं लेकिन बालको नगर प्रशासन या नगर निगम कोरबा इसे लेकर बिल्कुल भी गंभीर नहीं दिख रहा है। आए दिन आवारा पशुओं की धमाचौकड़ी की चपेट में आकर निर्दोश लोग घायल हो रहे हैं। वहीं वाहनों को भी नुकसान पहुंच रहा है एवं पशुओं को भी नुकसान हो रहा है।

बालकोनगर का ऐसा कोई मार्ग या चौराहा नहीं है जहां आवारा पशुओं का जमावड़ा नहीं होता हो। स्थिति यह बन गई है कि छोटे बच्चों का तो घर से बाहर निकलना भी मुश्किल हो गया है। शहर के मुख्य मार्गों पर झुंड बनाकर घूमते आवारा पशुओं के कारण राहगीरों वाहन चालकों को दुर्घटना होने की हमेशा आशंका लगी रहती है। शहर की सड़कों पर आवागमन करने वाले वाहन चालकों के अचानक आवारा पशु सामने आने से वाहनों को टक्कर मार देने से कई वाहन चालक चोटिल हो चुके हैं।

नगर निगम एवं बालकोनगर प्रशासन ने आवारा पशुओं की धरपकड़ के कोई प्रयास नहीं कर रहा है। बालको नगरवासियों का सड़क मार्ग पर आवागमन करना मुश्किल हो गया है। आवारा पशुओं की समस्या से शहरवासियों को निजात दिलाने के लिए नगर निगम या बालको नगर प्रशासन ने धरपकड़ की कोई कार्रवाई कभी नहीं हुई है।

ग्लोबल प्रा. आई.टी.आई
ITI AKALTARA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
मनका दाई मंदिर के पीछे, वार्ड नं. 3, बलोदा रोड, अकलतरा, (जांजगीर-चांपा)
89595-93946 • 89595-44444




# कल रिलीज होगा 'सारिपोधा सानिवारम' का दूसरा गाना

**मुंबई।** 'गैंग लीडर' फिल्म में साथ काम कर चुके नानी और प्रियंका मोहन एक बार फिर से परदे पर साथ-साथ दिखाई देंगे। दोनों अपनी नई फिल्म 'सारिपोधा सानिवारम' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। फिल्म की घोषणा के बाद से ही आए दिन इससे जुड़ा कोई ने कोई अपडेट सामने आ रहा है। इसी सिलसिले में अब एक और ताजा जानकारी सामने आ रही है, जो फिल्म के गाने से जुड़ी हुई है। 'सारिपोधा सानिवारम' के निर्माताओं ने फिल्म के दूसरे गाने का ऐलान कर दिया है। इस गाने का नाम 'उल्लासम' है। निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर जानकारी देते हुए बताया कि 'उल्लासम' को 13 जुलाई को रिलीज किया जाएगा। गाने में नानी और प्रियंका मोहन दिखाई देंगे।

लाइफ Style

# माधुरी सुनील गावस्कर के लिए दीवानी थीं

शर्मिला टैगोर से लेकर अनुष्का शर्मा तक कई बॉलीवुड एक्ट्रेसेस हैं, जिन्होंने टीम इंडिया के क्रिकेटर्स को जीवनसाथी चुना। लेकिन ऐसा नहीं है कि इनके अलावा किसी एक्ट्रेस को क्रिकेटर पर क्रश या प्यार ना हुआ हो। हम बात कर रहे हैं माधुरी दीक्षित की।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

क्रिकेटर अजय जड़ेजा के साथ रिलेशनशिप की खबरें तो खूब आईं। लेकिन एक्ट्रेस को जिन पर क्रश था और उनके पीछे भागना चाहती थीं। यहां तक कि उनके सपने में भी वह आते थे। वह तो कोई और ही थे। जी हां वह क्रिकेटर थे सुनील गावस्कर। सुनील गावस्कर वह क्रिकेटर हैं, जिन्होंने टीम इंडिया की कप्तानी भी की है। 10 जुलाई 1949 में जन्मे सुनील क्रिकेट के इतिहास में सबसे बेहतरीन ओपनिंग बल्लेबाजों में से एक हैं। वे कपिल देव की अगुआई वाली टीम का हिस्सा भी थे, जिसने लंदन के लॉर्ड्स में 1983 का विश्व कप जीतकर इतिहास रच दिया था। 15 मई 1967 में जन्मी माधुरी दीक्षित से सुनील गावस्कर 18 साल बड़े हैं। हालांकि क्रश तो क्रश होता है। 90 के दशक में फैंस के दिलों पर राज करने वाली एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित ने 1992 में इंडिया टुडे मैग्जीन को दिए एक इंटरव्यू में कहा था, मैं सुनील गावस्कर के लिए दीवानी हूं। वह बहुत सेक्सी हैं। मैं उनके पीछे भागना चाहती हूं और वह मेरे सपने में आते हैं। यह जब इंटरव्यू लिया गया तो एक्ट्रेस 25 साल की थीं और क्रिकेटर 43 साल के थे। इस किस्से के अलावा एक वीडियो भी वायरल हो रहा है, जिसमें सुनील गावस्कर को स्टूडियों में माधुरी दीक्षित को बॉल डालते हुए देखा जा सकता है।



हॉलीवुड मसाला




# जस्टिन से फैंस हुए खफा

**मुंबई।** मुकेश अंबानी के बेटे की शादी में जस्टिन बीबर की परफॉर्मेंस ने आक्रोश फैला दिया है। उनके कॉन्सर्ट के लिए नहीं, बल्कि भारी कीमत के लिए। यह बात सामने आने के बाद कि उन्होंने एक भारतीय अरबपति के बेटे की शादी से पहले के जश्न में एक शो के लिए भारी भरकम रकम कमाई है, फैंस गुस्से में हैं। पहले से ही अपनी भव्यता के लिए आलोचना झेल रहे जस्टिन बीबर के फैंस ने परफॉर्मेंस को 'बेस्वाद' करार दे दिया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, यह बताया गया है कि जस्टिन बीबर ने 10 मिलियन डॉलर यानी लगभग 85 करोड़ की भारी कमाई की है।




# अनंत-राधिका की शादी में आएंगी किम कार्दशियन...

**मुंबई।** राधिका मर्चेंट और अनंत अंबानी इस वीकेंड शादी के बंधन में बंधने वाले हैं। शादी में दुनियाभर से कई मेहमान आ रहे हैं और सबको लेकर चर्चा बनी हुई है। अब उन विदेशी मेहमानों की एक लिस्ट सामने आई है, जो शादी में शामिल होंगे, जो मुंबई के बांद्रा कुर्ला सेंटर (बीकेसी) में जियो वर्ल्ड सेंटर में आयोजित किया जाएगा। शादी में हॉलीवुड सिंगर किम कार्दशियन और ख्लोए कार्दशियन मेहमान होंगी। पीटर डायमेंडिस, जेफ कून्स और जे शेट्टी भी शादी में शामिल होंगे। ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन और टोनी ब्लेयर, पूर्व अमेरिकी विदेश मंत्री जॉन केरी, पूर्व स्वीडिश प्रधानमंत्री कार्ल बिल्ड्ट और पूर्व कनाडाई प्रधानमंत्री स्टीफन हार्पर भी शादी में आएंगे। अनंत की मां नीता अंबानी को शादी से पहले के इवेंट्स को कवर करने के लिए पपाराजी को धन्यवाद देते देखा जा सकता है।



# पेरिस में एंजॉय करती दिखीं थडानी...

**मुंबई।** राशा थडानी पेरिस में खुले आसमान के नीचे धूप और बादलों का नजारा एंजॉय करती हुई दिखाई दे रही हैं। रवीना टंडन की लाडली बेटी राशा थडानी इन दिनों पेरिस में वेकेशन का फुल मजा लेते हुए अपनी फोटोज फैंस के साथ शेयर करती हुई नजर आ रही हैं। फोटोज में राशा थडानी एक टेरेस पर खड़े होकर जमकर पोज देती नजर आ रही हैं। बात अगर राशा थडानी के लुक की करें तो वो ब्लैक टॉप और डेनिम जींस में बेहद ग्लैमरस लग रहीं हैं। मिनिमल मेकअप और खुले बिखरे बालों में राशा थडानी इस दौरान काफी क्यूट लग रहीं हैं। इन तस्वीरों को शेयर करते हुए राशा थडानी ने इन्हें कैप्शन दिया - हवा में जादू। इन तस्वीरों पर उनके फैंस - सो प्रिटी, ब्यूटीफुल, गॉर्जियस, क्लासी शॉट्स और ब्यूटी इन ब्लैक जैसे कमेंट्स करते नजर आ रहे हैं।



# टुनटुन को 58 साल बाद भी नहीं भुला पाए

**नई दिल्ली।** सुपरस्टार धर्मेंद्र, जिन्होंने 1960 में दिल भी तेरा हम भी तेरे से एक्टिंग डेब्यू किया था। वह 60s से फैंस के दिलों की धड़कन हैं। उन्होंने शोले, धर्मवीर, लोहा, हुकुमत, मेरा गांव मेरा देश और आंखें जैसी फिल्मों में काम किया।वहीं हेमा मालिनी से लेकर रेखा तक उनकी हीरोइनें रहीं. लेकिन क्या आप जानते हैं कि 88 वर्षीय धर्मेंद्र की फेवरेट एक्ट्रेस कौन हैं, जिन्हें 58 साल बाद भी धरम पाजी नहीं भुला पाए और उन्हें फेवरेट कहते हैं। यह एक्ट्रेस और कोई नहीं, बल्कि एक्ट्रेस उमा देवी हैं, जो कि टुन टुन के नाम से मशहूर हैं। दरअसल, द कपिल शर्मा कॉमेडी शो के मंच पर सुपरस्टार धर्मेंद्र से जब पूछा गया कि उनकी फेवरेट एक्ट्रेस कौन हैं। तब सनी देओल, बॉबी देओल भी उनकी तरफ बड़े अचरज से देखने लगे कि वो किस एक्ट्रेस का नाम लेते हैं।

टीवी मसाला

# घर से बेघर होते ही मुनीशा खटवानी ने खोले कई राज

**नई दिल्ली।** विवादित रियलिटी शो 'बिग बॉस ओटीटी 3' धमाकेदार तरीके से आगे बढ़ रहा है। अनिल कपूर के जरिए होस्ट किए जाने वाले इस शो में आए दिन किसी न किसी प्रतियोगी के बीच जुबानी जंग देखने को मिल रही है। साथ ही महज दो सप्ताह के भीतर ही इसमें हिंसा की वारदात भी देखी जा चुकी है। एक के बाद एक प्रतियोगी शो से बाहर हो रहे हैं। इसमें ताजा नाम टैरो कार्ड रिडर और अभिनेत्री मुनीशा खटवानी का है। घरवालों ने सना सुल्तान और मुनीषा में से सना को सुरक्षित किया, जिसकी वजह से मुनीशा घर से बेघर हो गईं। वहीं, बाहर आते ही मुनीशा ने कई दिलचस्प खुलासे किए हैं। साथ ही कुछ प्रतियोगियों को बेनकाब करती भी नजर आई हैं। मुनीशा खटवानी से सवाल पूछा गया कि क्या उन्हें लगता है कि वह बाहरवाले की वजह से एविक्ट हुई हैं? तो इस पर टैरो कार्ड रीडर ने कहा कि नहीं मैं घरवालों के वोटों की कमी के कारण बेघर हुई हूं। मुझे बाहर आते ही इस बात का पता चल गया कि बाहरवाला मेरा भाई लवकेश है और अगर उसके हाथ में होता तो वह मुझे जरूर बचाता।



# मुश्किलों में 'डांस इंडिया डांस' सीजन एक के फाइनलिस्ट...

**मुंबई।** रियलिटी शो 'डांस इंडिया डांस' सीजन एक के फाइनलिस्ट जय कुमार नायर मुश्किलों में फंसते नजर आए हैं। मुंबई पुलिस ने नायर के खिलाफ क्रिप्टोकरेंसी पर उच्च रिटर्न के बहाने एक महिला से 20 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने का मामला दर्ज किया है। ओशिवारा पुलिस स्टेशन के अधिकारी ने कहा कि इस संबंध में शिकायत दीप्ति असीजा ने दर्ज कराई थी, जो नकली आभूषणों का कारोबार करती हैं। असीजा अपने एक कॉमन फ्रेंड के जरिए नायर के संपर्क में आईं। नवंबर 2022 में असीजा ने उन्हें छह लाख रुपए और फिर दो बार में कुल 14 लाख रुपए दिए। उन्होंने कहा, 'नायर ने उन्हें उनके निवेश पर अच्छा रिटर्न देने का आश्वासन दिया था।' हालांकि, उन्होंने असीजा को केवल शुरुआती 11 महीनों के लिए मासिक रिटर्न का भुगतान किया। वहीं, दिसंबर 2023 से उन्होंने पैसा देना बंद कर दिया।



# तौबा-तौबा गाने पर सितारों की उतारी लाजवाब नकल

**नई दिल्ली।** जॉनी लीवर को अपनी कॉमेडी के साथ ही सितारों की नकल उतारने के लिए भी पहचाना जाता है। लेकिन उनकी बेटी जैमी लीवर भी पापा से किसी मामले में पीछे नहीं हैं। वे अकसर सितारों की एक्टिंग करती हैं और उनके ये वीडियो सोशल मीडिया पर खूब देखे भी जाते हैं। विक्की कौशल की फिल्म बैड न्यूज रिलीज होने के लिए तैयार है। विक्की कौशल इन दिनों फिल्म के प्रमोशन में बिजी हैं। वो प्रमोशन के दौरान तौबा- तौबा गाने का हुक स्टेप करते नजर आ रहे हैं। ये गाना इतना वायरल हो गया है कि इंफ्लुएंसर से लेकर सेलेब्स तक हर कोई इस गाने पर रील बना रहा है। लेकिन जैमी लीवर ने जिस तरह तौबा-तौबा पर सितारों की नकल उतारी है, वो तो लाजवाब है। जैमी लिवर ने एक वीडियो शेयर किया है। जिसमें उन्होंने बताया है कि करीना कपूर से लेकर फराह खान तक सेलेब्स तौबा तौबा गाने को लेकर कैसे रिएक्ट करेंगे। जैमी लीवर ने करीना कपूर, फराह खान, राखी सावंत, श्रीदेवी, अनन्या पांडे और सोनम कपूर की मिमिक्री की. जैमी का ये वीडियो खूब वायरल हो रहा है। फैंस इस पर कमेंट करते नहीं रुक रहे हैं। जैमी लीवर के इस वीडियो पर एक यूजर ने लिखा, राखी बेस्ट थी. वहीं दूसरे ने लिखा, तुमने धमाल मचा दिया जैमी। एक ने लिखा, मेरी हंसी कंट्रोल नहीं हो रही है।





# भारत पहुंचे प्रियंका-निक बारिश में हुआ स्वागत...

*मुंबई। शुक्रवार 12 जुलाई को अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। शादी की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। इस बिग फैट वेडिंग में देश-विदेश की कई नामी हस्तियां शामिल होंगी। प्रियंका चोपड़ा भी शादी में शामिल होने मुंबई पहुंच चुकी हैं। प्रियंका अपने पति नोकस जोनस के साथ शादी में शामिल होने आई हैं। उनके भारत पहुंचते ही झमाझम बारिश हुई। कार से उतरते ही प्रियंका ने हाथ जोड़कर सभी का अभिनंदन किया। अनंत-राधिका की शादी का जश्न तीन दिनों तक चलेगा। इसकी शुरुआत 12 जुलाई को 'शुभ विवाह' से होगी। शुक्रवार को शादी संपन्न होने के बाद 13 जुलाई को 'शुभ आशीर्वाद' समारोह आयोजित किया गया है। इसके बाद 14 जुलाई को 'मंगल उत्सव' है। इस समारोह में हिस्सा लेने के लिए प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस भी हाल ही में मुंबई पहुंचे हैं। प्रियंका चोपड़ा और निक एयरपोर्ट से ब्लैक कलर की आलीशान गाड़ी में बैठकर आते नजर आए। इस दौरान दोनों ने पैपराजी और फैंस का अभिनंदन किया। प्रियंका और निक काफी स्टाइलिश लुक में दिखे। हालांकि, बेबी मालती इस दौरान साथ नजर नहीं आईं। बॉलीवुड की लोकप्रिय अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने कई ब्लॉकबस्टर फिल्मों में काम किया है। बॉलीवुड फिल्मों के साथ-साथ देसी गर्ल ने हॉलीवुड में भी अपना सिक्का जमा लिया है।*

## इन स्टार्स को हो गया था अपनी मौत का आभास

# गोविंदा की मां से संजीव कुमार तक मौत को लेकर की थीं चौंकाने वाली भविष्यवाणी

***मुंबई।** 'थ्रोबैक थर्सडे' में उन फिल्मी हस्तियों के बारे में बता रहे हैं, जिन्होंने अपनी मौत को लेकर होश उड़ाने वाली भविष्यवाणी की थी। कुछ को तो पहले ही अपनी मौत का आभास हो गया। इन स्टार्स के साथ जो हुआ, वो वाकई हैरान कर देगा। मौत एक ऐसी चीज है, जो एक दिन हर किसी को आनी है। जो इस दुनिया में आया है, उसे एक दिन जाना ही होगा। मौत से डर तो सबको लगता है, लेकिन इससे भी ज्यादा डर तब लगता है जब किसी को अपनी मौत का पता हो। जब किसी को आभास हो जाए कि उसकी जिंदगी कितने दिन की मेहमान है। बॉलीवुड में ऐसे कई सितारे रहे, जो अचानक ही इस दुनिया से चल बसे और फैंस को जिंदगी भर का सदमा दे गए। पर कुछ ऐसी हस्तियां भी रहीं, जिन्होंने या तो अपनी मौत की भविष्यवाणी कर दी थी या फिर उन्हें आभास हो गया था कि वो अब इस दुनिया में ज्यादा दिन नहीं रहेंगे। यहां हम आपको 'थ्रोबैक थर्सडे' सीरीज में ऐसे ही स्टार्स के बारे में बता रहे हैं।*

### गोविंदा की मां निर्मला देवी ने अपनी मौत समेत की थीं 3 भविष्यवाणी



गोविंदा ने 'बॉम्बे टाइम्स' को इंटरव्यू में बताया था कि उनकी मां निर्मला देवी प्रेग्नेंसी के दौरान आध्यात्म की ओर मुड़ गई थीं। यही नहीं, वह एकदम सटीक भविष्यवाणी करती थीं। गोविंदा ने बताया था कि जब वह 17 साल के थे तो मां ने तीन भविष्यवाणियां की थीं। एक गोविंदा के स्टारडम की और दो अपनी मौत के साथ-साथ बड़ी बेटी पद्मा की मौत की। मां ने गोविंदा से कहा था कि जब तुम 21 साल के हो जाओगे तो तुम कमाल करोगे। वहीं बड़ी बेटी पद्मा यानी कृष्णा अभिषेक की मां के लिए कहा था कि वह दूसरे बच्चे के जन्म के बाद मर जाएंगी। यही नहीं, गोविंदा की मां ने खुद की मौत की भविष्यवाणी भी गोविंदा से की थी, और वह सकपका गए थे। गोविंदा की मां की मौत उस भविष्यवाणी से ठीक तीन महीने बाद 15 जून 1996 को हो गई। यही तारीख उनकी मां ने बताई थी।

### ऋषि कपूर ने कहा था 'मैं ज्यादा लंबा नहीं जिऊंगा'



ऋषि कपूर का 30 अप्रैल साल 2021 में निधन हो गया था। मौत से दो साल पहले वह कैंसर की गिरफ्त में आ गए थे। हालांकि न्यू यॉर्क में इलाज के बाद ऋषि कपूर ठीक हो गए थे, लेकिन बाद में सांस लेने में तकलीफ के कारण उनका निधन हो गया। ऋषि कपूर के निधन से पूरे देश में सन्नाटा पसर गया था, पर एक्टर ने अपनी मौत की साल 2016 में ही भविष्यवाणी कर दी थी। ऋषि कपूर से जब एक इंटरव्यू में पूछा गया कि 90 साल की उम्र में वह खुद को किस तरह से देखते हैं, तो एक्टर ने कहा था, 'मेरा जिस तरह का लाइफस्टाइल है, उससे लगता है कि मैं ज्यादा लंबा नहीं जिऊंगा। लेकिन लोग बोलते हैं कि अगर जिंदा रहा तो मैं 'कपूर एंड सन्स' में दादू के कैरेक्टर जैसा दिखूंगा। लेकिन मुझे यकीन नहीं है।'

### ओम पुरी को भी हो गया था मौत का आभास



वेटरन एक्टर ओम पुरी ने 23 दिसंबर 2016 को एक इंटरव्यू दिया था, जिसमें उन्होंने अपनी मौत पर बात की थी, और उसके चंद दिन बाद ही 6 जनवरी 2017 में मौत हो गई। इस दुखद इत्तेफाक ने सबको चौंका दिया था। ओम पुरी ने 'आईएएनएस' को दिए इंटरव्यू में कहा था, 'एक एक्टर के रूप में मेरा योगदान मेरे इस दुनिया से चले जाने के बाद दिखाई देगा।

### किशोर कुमार- मजाक में ही सच हो गई मौत की वो भविष्यवाणी



बॉलीवुड के मशहूर एक्टर और सिंगर रहे किशोर कुमार की 13 अक्टूबर 1987 को मौत हो गई थी। बेटे अमित कुमार ने साल 2002 में 'रेडिफ' को इंटरव्यू में बताया था कि पापा को उनकी मौत का आभास हो गया था। जिस दिन उनका निधन हुआ, उस दिन उन्होंने हार्ट अटैक को लेकर मजाक किया और उसी तरह दुनिया से रुखसत हो गए। अमित कुमार ने बताया था, 'उस दिन, उन्होंने सुमित (सौतेला बेटा) को स्विमिंग के लिए जाने से मना कर दिया। वह इस बात से टेंशन में थे कि कनाडा से मेरी फ्लाइट समय पर लैंड करेगी या नहीं।



### ज्योतिषी ने की थी संजीव कुमार की मौत की भविष्यवाणी

संजीव कुमार ने भी अपनी मौत की भविष्यवाणी कर दी थी। 9 जुलाई 1938 को जन्मे संजीव कुमार की 6 नवंबर 1985 को मौत हो गई थी। संजीव कुमार एक ऐसे एक्टर थे, जिन्होंने युवा होते हुए भी उम्रदराज किरदार निभाए। उन्हें ऐसे किरदार निभाने में मजा आता था। एक्ट्रेस तबस्सुम ने अपने शो 'तबस्सुम टॉकीज' में बताया था कि कैसे संजीव कुमार ने अपनी मौत को लेकर एक चौंकानेवाली बात बताई थी, जिसका उम्रदराज किरदारों से कनेक्शन था। तबस्सुम ने संजीव कुमार से पूछा था कि वह उम्रदराज किरदारों को लेकर इतना ऑब्सेस्ड क्यों हैं। तब संजीव ने कहा था, 'तबस्सुन, हाथ देखने वाले एक ज्योतिषी ने भविष्यवाणी की थी कि मैं ज्यादा लंबे समय तक जीवित नहीं रहूंगा। इसलिए मैं उम्रदराज किरदार निभाता हूं, ताकि वो जिंदगी जी सकूं।

## खबर संक्षेप



### सरस्वती शिशु मंदिर किकिरदा में हुआ निशुल्क गणवेश वितरण

**बिर्रा।** मां विशेश्वरी शिक्षण समिति द्वारा संचालित विद्यालय सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय किकिरदा में गुरूवार 11 जुलाई को आर. टी. ई. के तहत अध्ययनरत विद्यार्थियों को सत्र 2024-25 का निःशुल्क गणवेश वितरण किया गया। व्यवस्थापक ताराचंद देवांगन की अध्यक्षता में कुल 60 बच्चों को निःशुल्क गणवेश वितरण किया गया। निशुल्क गणवेश मिलने से बच्चों के चेहरे खिल उठे। सभी बच्चे के अलावा अभिभावक गण खुश हो गए। सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय किकिरदा के प्रधानाचार्य संजय कुमार देवांगन, कन्हैया लाल तंबोली, ऋतिक महंत, दीनबंधु आदित्य, श्रीमती सावित्री चंद्रा, कु .सविता निराला, व्यवस्थापक श्री ताराचंद देवांगन, अभिभावक सोहन साहू ,संतोष चौहान, श्रीमती लतादेवी आदित्य, श्रीमती फूलकुमारी जायसवाल, श्रीमती दुर्गा बंजारे, श्रीमती प्रीति चौहान, श्रीमती सुरुज बाई साहू आदि के अलावा अभिभावक गण उपस्थित थे।

### छग शिक्षक संघ द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कल

**बिर्रा।** छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ जांजगीर चांपा द्वारा आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 14 जुलाई को बिर्रा में रखा गया है। जिसमें अस्थि, न्यूरो एवं मधुमेह रोग जाँचकी जाएगी। जिसमें डॉ. रजनीश पाण्डेय मस्तिष्क संबंधी रोध लकवा, मिर्गी, झटके, सिर के चौट संबंधी परामर्श,डॉ. एस. के.धर, मधुमेह एवं हृदय रोग सलाहकार,डॉ. लक्ष्मीनारायण मिश्रा, सामान्य रोग,डॉ. वैभव कौशिक अस्थि रोग विशेषज्ञ,डॉ. अम्बिकेश पाण्डेय उपस्थित रहेंगे।निःशुल्क अस्थि, न्यूरो एवं मधुमेह रोग संबंधित जांच एवं परामर्श प्रत्येक माह का द्वितीय रविवार समय 11 बजे 2 बजे तक आयोजित है। प्रथम हॉस्पिटल बिलासपुर द्वारा प्रत्येक माह की प्रथम रविवार को अमरकंटक में निःशुल्क परामर्श व जांच शिविर एवं गरीब जरूरतमंद मरीजों को एक माह का निःशुल्क दवाई वितरण किया जाता है। प्रथम हॉस्पिटल बिलासपुर द्वारा प्रत्येक माह की तृतीय शनिवार को अपने ही हॉस्पिटल में निःशुल्क परामर्श / जांच शिविर एवं गरीब जरूरतमंद मरीजों को एक माह का निःशुल्क दवाई वितरण किया जाता है।

### कलशयात्रा के साथ पेंड्री में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ




**बिर्रा।** किसान कश्यप परिवार पेंड्री में संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ कलशयात्रा शोभायात्रा के साथ ग्राम भ्रमण करते हुए निकाली गई। कथा व्यास पर पं किशोर शर्मा पिसौद चांपा होंगें। वरणीय महराज प्रकाश शर्मा, जगदीश दुबे,चंडगिरी होंगे। प्रतिदिन कथा का समय सुबह 9.30 से 12.30 व शाम 3.30 से 6.30 तक होगा। कथा प्रसंग में 11 जुलाई को भव्य कलशयात्रा शोभायात्रा निकाली गई व गौरी गणेश वेदी पूजन देव आह्वान गौकर्ण कथा महात्म्य सुनाई गई। शुक्रवार 12 जुलाई को कथा प्रारंभ,नारद चरित्र चौबीस अवतार सुकदेव आगमन परीक्षित संवाद,13 को कपिल अवतार, शिव सती चरित्र, ध्रुव चरित्र,14 को जडभरत चरित्र, अजामिल कथा, प्रह्लाद चरित्र नरसिंह अवतार,15 को गजेन्द्र मोक्ष, समुद्र मंथन, वामनावतार और रामकथा श्री कृष्ण जन्मोत्सव,16 को श्री कृष्ण बाल लीला पूतना राक्षसी मोक्ष,महारास, गोवर्धन पूजा श्री रूक्मिणी कृष्ण विवाहोत्सव, 17 को श्री द्वारिका लीला,राजसूय यज्ञ, सुदामा चरित्र, 18 को श्री कृष्ण उद्धव संवाद, परीक्षित मोक्ष कथा कथा विश्राम चढ़ोत्तरी,19 को तुलसी वर्षा,यज्ञ हवन पूर्णाहुति सहस्त्रधारा ब्राह्मण भोजन के साथ संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का समापन होगा। 20 जुलाई को वार्षिक श्राद्ध महाभंडारा होगा। आयोजन को लेकर लखनलाल कश्यप, रोहनलाल कश्यप, श्रीमती चंद्रकला कश्यप, प्रमोद कश्यप, रमेश कुमार,हरप्रसाद कश्यप,सतबदन कश्यप जुटे हुए हैं। कलशयात्रा शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

### शिवरीनारायण में स्थाई संग्रहालय का शुभारंभ

**जांजगीर-चांपा।** अंतरराष्ट्रीय श्री सीताराम नाम बैंक मुंगेली नाका बिलासपुर का स्थाई संग्रहालय श्री शिवरीनारायण मठ में स्थापित किया गया है। 10 जुलाई को महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास महाराज ने पूजा अर्चना करके इसका शुभारंभ किया। उल्लेखनीय है कि इस संग्रहालय में 200 करोड़ से अधिक श्री राम नाम पुस्तकों में संग्रहित है। इसका दर्शनार्थी लोग दर्शन, पूजन, परिक्रमा कर अपना जीवन धन्य बनाएंगे। शुभारंभ के अवसर पर शाखा प्रबंधक महेश चंद्र गुप्ता, योगेश शर्मा, निरंजन लाल अग्रवाल, देवलाल सोनी, त्यागी महाराज, सुखराम दास, कमलेश सिंह, पुरेंद्र सोनी, मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव सहित राम नाम लेखक गण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### निधन

#### हेमंत सोनी



**अकलतरा।** नगर के प्रतिष्ठित नागरिक एवं कवि रमेश सोनी के ज्येष्ठ पुत्र हेमंत सोनी का आकस्मिक निधन हो गया। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए। उनका अंतिम संस्कार कॉलेज रोड स्थित मुक्तिधाम में किया गया। मुखाग्नी छोटे भाई अनंत सोनी ने प्रदान किया। अंतिम यात्रा में स्वजन एवं नगर वासी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

---

मालखरौदा विकासखंड के ग्राम आमनदुला में पहुंचकर ग्रामीणों ने बताई समस्या

# जनसमस्या निवारण शिविर में मिले 474 आवेदन, 343 का मौके पर निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती



शिविर मे लोगों की शिकायत सुनते अफसर।

आमजन को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ दिलाने तथा उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण करने के उद्देश्य से कलेक्टर के निर्देशन में मालखरौदा विकासखंड के ग्राम पंचायत आमनदुला में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया।

जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित 474 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमे 343 आवेदनों का मौके पर ही त्वरित निराकरण किया गया तथा शेष आवेदनों का जल्द से जल्द निराकरण किया जायेगा। शिविर स्थल पर सभी विभागों द्वारा अपने-अपने विभागों में संचालित जनहितकारी योजनाओं की बारी-बारी से जानकारी दी गई जिससे आमजन लाभान्वित हुवे। शिविर स्थल पर विभिन्न स्व सहायता समूह की महिलाओं को पंचायत विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं के तहत चेक वितरण कर लाभान्वित किया गया। जिला स्तरीय शिविर में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित योजना आजीविका मिशन से चक्रीय निधि, सामुदायिक निवेश निधि, बैंक ऋण वितरण किया गया। इसी प्रकार महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अन्नप्राशन गोद भराई और अग्रेशिया राशि का वितरण किया गया। कृषि विभाग द्वारा हितग्राहियों को बीज, कीटनाशक दवा वितरण एवं पशुधन विकास विभाग द्वारा दवाई वितरण और उद्यान विभाग द्वारा पौधों का वितरण भी किया गया। शिविर में चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव ने कहा कि इस सत्र का यह पहला जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर है। उन्होंने कहा कि बेसहारा को सहारा देने के लिए जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने सभी लोगों को शिविर स्थल पर ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर लाभ उठाने कहा। उन्होंने शिविर स्थल पर उपस्थित सभी विभागीय अधिकारियों कर्मचारियों से आमजन को विभागीय योजनाओं से लाभान्वित कराने कहा। इस अवसर पर श्रीमती संयोगिता सिंह जूदेव ने कहा की आमनदुला में आज जिला स्तरीय शिविर आयोजित है। कलेक्टर अमृत विकास तोपनो सहित प्रशासन और विभिन्न विभागों के सभी अधिकारी कर्मचारी तथा विभिन्न जन प्रतिनिधि उपस्थित है। उन्होंने शिविर स्थल पर सभी अधिकारियों को क्षेत्रवासियों की समस्याओं का तेजी से और ज्यादा से ज्यादा निराकरण करने का आग्रह किया। जिला पंचायत जांजगीर चांपा अध्यक्ष श्रीमती यनीता यशवंत चंद्रा ने कहा की आज आमनादुला में आयोजित शिविर में जिले के सभी विभागों के अधिकारी आमजन की समस्याओं का निराकरण करने स्वयं यहां पहुंचे हैं। जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती लकेश्वरी देवा लहरे ने कहा कि आमनदुल में बहुत ही बढ़िया शिविर आज आयोजित किया गया है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री तोपनो ने शिविर में आमजनता को संबोधित करते हुए कहा कि आज आमनदुला में तुहर प्रशासन तुहर द्वार के तहत जनसामान्य की समस्याओं के समाधान तथा शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से ज्यादा से ज्यादा लाभान्वित करने के लिए जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा शासन की योजनाओं की जानकारी देने तथा योजनाओं से लाभान्वित करने स्टॉल भी लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में आमजनता ज्यादा से ज्यादा पहुँचकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ उठाए। कार्यक्रम के अंत में मुख्य कार्यपालन अधिकारी सी के आदिले द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

---



प्राण प्रतिष्ठा में शामिल भक्तजन।

## मंत्र उच्चारण के साथ खाटू श्याम बाबा के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा

### सुबह से ही भक्तजन जुटे रहे तैयारी में

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा


नगर के बलौदा रोड में नवनिर्मित श्री श्याम मनोहर मंदिर में विधि विधान, मंत्रोच्चारण, यज्ञ एवं हवन के साथ श्री खाटू श्याम बाबा के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा की गई। प्राण प्रतिष्ठा के पश्चात श्री श्याम भक्त परिवार महाआरती मे सम्मिलित होकर श्री खाटू श्याम बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया गया।

प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आचार्य पंडित कृष्ण चंद्र शास्त्री के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। श्री श्याम भक्त परिवार के द्वारा प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए व्यापक एवं भव्य तैयारी करते हुए शुक्रवार 12 जुलाई की सुबह से ही शाम भक्त मंडल के सदस्य श्री श्याम मनोहर मंदिर पहुंचकर यज्ञ, हवन एवं अन्य विधानों में सक्रिय रूप से सम्मिलित हुए। दोपहर 12:29 पर श्री खाटू श्याम बाबा के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा आचार्य एवं पुरोहितों के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। प्राण प्रतिष्ठा के पश्चात भव्य भंडारा प्रसाद का आयोजन किया गया जिसमें नगर एवं क्षेत्र वासियों के द्वारा शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया गया। प्राण प्रतिष्ठा संपन्न होने के बाद श्री श्याम मनोहर मंदिर के सामने भजन स्थल पर श्याम भक्त अमित अग्रवाल, कोमल चोपड़ा एवं अमन अग्रवाल के द्वारा श्री खाटू श्याम बाबा को समर्पित भजनों की प्रस्तुति दी गई। जिसमें श्री श्याम भक्त परिवार के सदस्य एवं क्षेत्रवासी भक्ति रस में डूब कर घूमने लगे।

---

## सिलादेही में पांच बटुकों ब्राम्हणों का किया गया उपनयन संस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा



ग्राम पंचायत सिलादेही में पंडित शिव प्रसाद तिवारी के यहां पांच बटुकों ब्राह्मणों का उपनयन संस्कार का आयोजन 10 जुलाई को विधि विधान से संपन्न किया गया।

पंडित शिव प्रसाद तिवारी, देवकीनंदन तिवारी, रमेश कुमार तिवारी, रामखिलावन तिवारी, दिनेश तिवारी ,रामखिलावन द्विवेदी, श्री रामचंद्र दुबे, दिनेश कुमार शुक्ला ,राजू साहू ,निक्कू यादव, ललित यादव समस्त ग्रामवासी एवम् तीन आचार्य श्रीनिवास चौबे, बबलू पाण्डे ,कृष्णम वन्दे पांडे के द्वारा पूजा पाठ करते हुए सम्पन्न हुआ । डीजे में पूरे गांव में भव्य झांकी एवम् शोभा यात्रा निकाली गई। जिसका आनंद पूरा गांव ने लिया जो हमेशा याद रखा जाएगा। इस तरह की झांकियां एवं शोभायात्रा सिलादेही में पहली बार निकाला गया। पांच बटुकों में दुर्गेश तिवारी, सक्षम द्विवेदी, आशुतोष पांडे, यशराज तिवारी, गौरव पांडे इन पांच बटुकों का जो पवित्र उपन्यास संस्कार विधि विधान से एवं रथ में भव्य झांकी एवं शोभा यात्रा रथ से पूरे गांव में भ्रमण कराया गया। इस अवसर पर ग्राम सहित क्षेत्र के पंडितों के अलावा ग्रामवासीगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

---

## कृषक को एक ही वित्तीय संस्थान से करवाना होगा बीमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

■ बीमा कराने के लिए 31 तक तिथि निर्धारित

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना खरीफ वर्ष 2024-25 के बेहतर क्रियान्वयन हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार तथा किसानों के फसल बीमा के लिये शासन द्वारा बजाज एलांज जनरल इं श्यो रें स कम्पनी अनुबंध किया गया है, बीमा की इकाई ग्राम स्तर निर्धारित की गई है। बीमा इकाई में अधिसूचित फसल का रकबा 10 हेक्टेयर या उससे अधिक होने पर उक्त फसल को संबंधित बीमा इकाई में अधिसूचित किया गया है।

उप संचालक कृषि ने बताया कि जिला जांजगीर-चांपा में खरीफ में मुख्य अधिसूचित फसल धान सिंचित एवं धान असिंचित निर्धारित है। धान सिंचित फसल के बीमा के लिये बीमित राशि 60000 प्रति हेक्टेयर एवं एवं धान असिंचित फसल के बीमा के लिये बीमित राशि 43 हजार रुपए प्रति हेक्टेयर निर्धारित है। बीमित राशि का 2 प्रतिशत धान सिंचाई हेतु 1200 रू. हेक्टेयर, एवं धान असिंचित के लिये 860 रू. प्रति हेक्टेयर कृषक अंश निर्धारित किया गया है। इस योजना में ऋणी कृषक एवं गैर ऋणी कृषक (भू-धारक एवं बटाईदार) कृषको बीमा आवरण में सम्मिलित होने की पात्रता है। ऐसे सभी कृषक जिनका मौसम खरीफ वर्ष 2024-25 में सहकारी बैंकों एवं निजी बैंकों से त्रण लेने वाले समस्त ऋणी कृषकों के लिये यह योजना स्वैच्छिक है। ऋणी कृषकों के लिये अधिसूचित फसल के लिये वित्तीय संस्थानों में मौसमी कृषि ऋण की सीमा, कृषकों के बीमा आवेदन, प्रस्ताव प्राप्त करने की अंतिम तिथि के एक सप्ताह पूर्व निर्धारित प्रारूप में बीमा नहीं कराने के सम्बंध में आवेदन प्रस्तुत करना अनिवार्य है। एक ही अधिसूचित क्षेत्र एवं अधिसूचित फसल के लिये अलग-अलग वित्तीय संस्थानों से कृषि ऋण स्वीकृत होने की स्थिति में कृषक को एक ही वित्तीय संस्थान से बीमा करवाना होगा एवं कृषक इसकी सूचना संबंधित बैंक को स्वयं देगा। अधिसूचित इकाई में अधिसूचित फसल उगाने वाले सभी गैर ऋणी कृषक जो इस योजना में शामिल होने के इच्छुक हों, वे क्षेत्र बुआई पुष्टि प्रमाण पत्र जो क्षेत्री पटवारी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी द्वारा सत्यापित हो तथा अन्य आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर योजना में सम्मिलित हो सकते है। अऋणी किसानों कों बीमा आवरण में अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित करने के लिये मैदानी स्तर पर ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी ग्रामों में चौपाल, शिविर,

---

## बच्चे शिक्षित नहीं तो राष्ट्र का विकास संभव नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा



सम्मानित करते पदाधिकारी।

सहायक कलेक्टर एवं प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी डी.पी.अधिकारी के उपस्थिति में विकास खण्ड स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन स्वामी आत्मानंद अंग्रेज़ी माध्यम स्कूल अकलतरा में किया गया। बैठक में अधिकारी ने उत्कृष्ट जांजगीर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूर्व में दिए गए दिशा निर्देश के अनुसार क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने उपस्थित प्राचार्यो एवं शैक्षिक समन्वयको को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों को शिक्षित करके ही समाज और देश को आगे बढ़ाया जा सकता है, जब तक सभी तबके के लोग शिक्षित नहीं होंगे राष्ट्र का विकास संभव नहीं है। शिक्षित समाज ही विकसित राष्ट्र की पहचान है और शिक्षित करने की जिम्मेदारी आप सभी के कंधों पर है। उन्होंने बच्चों की नियमित उपस्थिति पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि अनियमित बच्चों के पालकों से सम्पर्क कर नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करना संस्था प्रमुखों की जिम्मेदारी है। विनोबा एप्प में निर्धारित समय पर बच्चों एवम् शिक्षकों की उपस्थिति की जानकारी प्रविष्टि करने एवं विभागीय योजनाओं का समय पर क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उनके द्वारा पाठयपुस्तक,गणवेश,छात्राओं के लिए सरस्वती सायकल योजनान्तर्गत वितरण की जानकारी ली गई ।बैठक में विकास खण्ड के समस्त सीआरसी प्राचार्य,शैक्षिक समन्वयक को साप्ताहिक एवं मासिक टेस्ट निर्धारित समय पर लेने के लिए निर्देशित किए, कार्य में लापरवाही बरतने वाले शिक्षकों के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में बी.ई.ओ रत्नमाला सिंह. बीआरसी शैलेंद्र सिंह बैस एवं समस्त सीएसी व प्राचार्यउपस्थित थे।

---

## ई-स्कूटी में लगी आग बाल-बाल बचा सवार



**रायगढ।** धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत कॉलोनी के समीप एक इलेक्ट्रिक स्कूटी में अचानक आग लग गई। किसी तरह इस आग पर काबू पाया गया। गनीमत यह रही कि स्कूटी सवार बाल बाल मच गया। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार धरमजयगढ़ कॉलोनी में शुक्रवार की सुबह अचानक एक इलेक्ट्रिक स्कूटी में आग लग गई। आग देखते देखते इतनी तेज बढ़ गई कि आग में काबू पाना मुश्किल हो गया और कुछ देर तक कड़ी मसक्क्त करने पर जैसे तैसे आग पर काबू तो पाया गया पर तब तक बहुत देर हो चुकी थी। पूरी स्कूटी जलकर खाक हो चुकी थी। बताया जा रहा कि इलेक्ट्रिक स्कूटी ओकीनावा कंपनी का था। वहीं घटना में किसी व्यक्ति के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। आस पास के लोगों ने बताया कि इलेक्ट्रिक स्कूटी में शुक्रवार की सुबह अचानक आग लग गई। जिसके बाद जैसे ही गाड़ी मालिक ने आग देखा तो उसने पानी डालकर आग बुझाने की कोशिस की, लेकिन तब तक स्कूटी पूरी तरह जल चुकी थी।

---

## दुर्घटना से बचने नियम कानून का पालन करते हुए चलाएं वाहन : चितरंजय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती



ज्ञापन सौंपते ड्राइवर संघ के पदाधिकारी।

ड्राइवर नियम_कानून को समझकर पालन करते हुए वाहन चलाएं ताकि दुर्घटना होने की स्थिति में भी भारी क्षति से बचें। साथ ही वाहन चालकों को नए कानून व मोटर व्हीकल एक्ट की समुचित जानकारी करने जागरूकता कार्यशाला आयोजित करने के लिए ज्ञापन सौंपा गया।

उच्च न्यायालय अधिवक्ता चितरंजय पटेल ने बताया कि छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंगठन के बिलासपुर संभाग के पदाधिकारियों को नवीन कानून की जानकारी दिया और कहा कि अब देश में भारतीय न्याय संहिता लागू हो गया है जिसे जान समझकर सभी वाहन चालक नए नियम _कानून के तहत अपने समस्त दस्तावेज वाहन में रखकर वाहन चलाएं तथा दुर्घटना की स्थिति में तत्काल निकटस्थ आरक्षी केंद्र में सूचना देना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर ड्राइवर महा संगठन के प्रदेश प्रभारी संतोष देवांगन के बिलासपुर अध्यक्ष रवि गंधर्व, सचिव प्रकाश ओगरे, मीडिया प्रभारी सुनील धीरज, ब्लॉक प्रभारी गजपाल कुर्रे साथ शीघ्र महा संगठन की ओर से राज्यपाल के नाम डिप्टी कलेक्टर रजनी भगत को वाहन चालकों को नए कानून व मोटर व्हीकल एक्ट की समुचित जानकारी प्रदान करने जागरूकता कार्यशाला आयोजित किए जाने हेतु ज्ञापन दिया गया, ताकि कानून में बदलाव से अपडेट होकर ड्राइवर सुरक्षित वाहन चलाएं।

---

पुनीत कार्य की गांव सहित आसपास में जमकर हो रही प्रशंसा

## बिहान की महिलाओं ने कराया गरीब परिवार की बेटी का विवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह



नवविवाहिता के साथ बिहान समूह की महिलाएं।

सिवनी गांव के एक गरीब परिवार की बेटी की शादी को बिहान की महिलाओं ने धूमधाम से किया। शादी में जिले के सामाजिक कार्यकर्ता, प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। बिहान की इस तरह की पुनीत कार्य की सराहना राष्ट्रीय स्तर पर हो रही है।

जिला पंचायत एनआरएलएम बिहान के डीएमएम उपेंद्र कुमार दुबे ने बताया कि बलौदा ब्लॉक अंतर्गत बलौदा जनपद के कुरदा कलस्टर के सिवनी गांव में बिहान की उन्नति महिला ग्राम संगठन ने गरीब परिवार की बेटी सुष्मिता धीवर की शादी के लिए आगे आई और 11 जुलाई को बिहान स्व सहायता समूह के अध्यक्ष गंगा बाई धीवर के बेटी सुष्मिता की शादी सम्पन्न हुई। उन्होंने बताया कि बिहान की महिलाएं गरीब परिवार की बेटी के शादी की तैयारी को लेकर सिवनी गांव के समरसता भवन में विगत 3 जुलाई को दोपहर 3 बजे एक बैठक लिया गया। जहाँ सरपंच लखेकुमारी चन्द्रकुमार राठौर डॉ सुरेश कुमार देवांगन, जिला ब्यापार उद्योग केंद्र के डीआरपी संतोष कुमार शुक्ला, डॉ कैलाश बरेठ, किसान स्कूल बहेराडीह के संचालक दीनदयाल यादव, रूखमणी पांडेय, पुष्पा राठौर, बैंक मित्र सुनीता दुबे, सावित्री राठौर व सभी सक्रिय महिला बड़ी संख्या में शामिल हुए। उसके बाद 6 जुलाई को गांव के सरपंच लखेकुमारी चंद्रकुमार राठौर के आग्रह पर पंचायत भवन में गरीब परिवार की बेटी के शादी के लिए सहायता राशि प्रदान करने हेतु एक सम्मेलन का आयोजन किया गया। जहाँ बिहान की महिलाएं सहायता राशि देने शामिल हुए। सरपंच लखेकुमारी चंद्रकुमार राठौर ने बताया कि जिला पंचायत एनआरएलएम बिहान के डीएमएम उपेन्द्र कुमार दुबे के नेतृत्व में जिले में बिहान की महिलाएं न सिर्फ ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत विविध प्रकार की आजीविका गतिविधियों का संचालन करके आत्मनिर्भर बन रहीं हैं। बल्कि कई गरीब परिवार के बेटियों की शादी, बीमारी से पीड़ित लोगों की सहायता के लिए आगे आई हैं।

---

## राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का कलेक्टर ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का कलेक्टर ने सम्मान िकया। प्रतियोगिता में प्रथम ,िद्वतीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित कर कलेक्टर ने उत्साह बढ़ाया।

कलेक्टर आकाश छिकारा की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट परिसर में राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में पदक प्राप्त करने वाले जिले के विभिन्न खिलाड़ियों से मुलाकात की। इस दौरान कलेक्टर ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान आने वाले खिलाड़ियों को शासन की ओर से पुरस्कार स्वरूप मिलने वाले सम्मान राशि का चेक वितरण कर प्रमाण पत्र प्रदान किया। कलेक्टर ने जिले के राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन िकया। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि खेल के प्रति लगातार अभ्यास और लगन कड़ी मेहनत से सफलता जरूर मिलती है। सहायक कलेक्टर दुर्गा प्रसाद अधिकारी ने िखलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। पदक जीतने वाले खिलाड़ियों में रेशमा कश्यप, अखिलेश कुमार, राहुल कुमार यादव, रितेश भारद्वाज, शिक्षा यादव, सुरज केंवट, जिज्ञासा यादव, दीपिका यादव, योगिता केंवट, रोशन गढ़वाल हैं। इस दौरान जिला क्रीड़ा अधिकारी प्रेमलाल पांडेय, दिनेश चतुर्वेदी सहित प्रशिक्षक व खिलाड़ी उपस्थित थे।